**13/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कला, साहित्य, विज्ञान और सामाजिक सेवा के क्षेत्र से चार प्रमुख हस्तियों को राज्यसभा के लिए नामित किया है। इन प्रतिष्ठित हस्तियों में प्रख्यात वकील उज्ज्वल देवराव निकम, सामाजिक कार्यकर्ता सी सदानंदन मास्टर, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार एवं शिक्षाविद डॉ. मीनाक्षी जैन शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इस निर्णय की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट के ज़रिए इन चारों हस्तियों को संसद के उच्च सदन के लिए नामित होने पर बधाई दी। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए इन नामित हस्तियों को बधाई दी है।

**0000000000000000000**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशों में ब्रह्मोस मिसाइलों की माँग बढ़ी है। श्री सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नेशनल पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्र भानु गुप्ता की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद यह बात कही। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि चौदह देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल की माँग की है और इसे लखनऊ से निर्यात किया जाएगा।

**000000000000000**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों के कल पृथ्वी पर वापसी की यात्रा शुरू करने की उम्मीद है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अनडॉकिंग कल भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे निर्धारित है। उन्होंने बताया कि क्रू सदस्य मंगलवार को भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 3:00 बजे पृथ्वी पर पहुँचेंगे।

**0000000000000000000000**

लद्दाख में, भारतीय सेना ने आज कुंबाथांग से रंधावा टॉप तक एक स्मारक बाइक रैली का आयोजन किया, जो अगले छब्बीस जुलाई को कारगिल विजय दिवस की छब्बीसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की जाएगी। यह रैली कारगिल के वीरों की स्मृति में देशभर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

**0000000000000000000**

केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों के मुद्दे पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को एक पत्र लिखा है। यह पत्र देश भर में नकली उर्वरकों की बिक्री, सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जारी किया गया है।

000000000000000000000000

सियांग जिले के रिगा गाँव के लोगों ने राज्य सरकार के साथ शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षःर किया। बैठक में मुख्यमंत्री पेमा खांडू, मंत्री ओजिंग तासिंग तथा मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

इस दौरान रिगा गाँव के लोगों ने सियांग अपर बहुद्देशीय परियोजना के प्री-फ़िसिबिलिटी रिपोर्ट की तैयारी के लिए सर्वे, ड्रिलिंग इत्यादि के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार को पूरा समर्थन देने का शपथ लिया। गौतलब है कि भारत सरकार ने दो हजार आठ की इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया है। श्री खांडू ने राज्य एवं देश के हित में समर्थन देने के लिए रिगा गाँव के लोगों को धन्यावाद दिया। वहीं श्री खांडू ने पी एफ आर के सफलतापूर्वक संचालन के बाद परियोजना से प्रभावित परिवारों के साथ स्पष्ट और निष्पक्षः विचार विमर्श करने की पुण: प्रतिबद्धता को दोहराई।

0000000000000000000

मौसम विभाग़ ने क्रा दादी, लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, अपर सियांग, अंजाव और चांगलांग जिले में येल्लो अलर्ट जारी की है। मौसम विभाग ने राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली चमने का भी अनुमान लगाया है। इसके अतिरिक्त आगामी चौदह और सत्रह जुलाई को बारीश की गतिविधियों में तेजी आने की भी संभावना व्यक्त की है।

0000000000000000000

बेंगालुरु में शनिवार को संपन्न हुए सातवां अंर्तर्राष्ट्रीय पैरा एटलेटिक्स प्रतियोगिता दो हजार पच्चीस में अरुणाचल प्रदेश के पैरा एथलिट तिगोंग वांगपान ने दूसरी स्वर्ण पदक हासिल की। T35 कैटकरी में उन्होंने पुरुष दो सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले शुक्रवार को उन्होंने पुरुष 400 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण पदक जीता था।

0000000000000000000

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने प्रतिष्ठित तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार दो हजार चौबीस के लिए नामांकन शुरू करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार साहसिक कार्य में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है**,** जिसका उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में युवाओं में धीरज**,** जोखिम लेने**,** सहकारी टीम वर्क और त्वरित प्रतिक्रिया को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज अपनी सिंगापुरी समकक्ष विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की। सिंगापुर की यात्रा पर आए डॉ. जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सिंगापुर भारत की एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र में है,

जबकि सिंगापुर के विदेश मंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया बहुध्रुवीय होती जा रही है, भारत अवसरों के इन प्रमुख ध्रुवों में से एक के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सिंगापुर की अपनी यात्रा के बाद, विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए चीन के तियानजिन पहुँचेंगे।

**0000000000000000000**